भारत सरकार
संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
डाक विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1154
उत्तर देने की तारीख : 16 अगस्त, 2013

कर्मचारियों की कमी

1154. **श्री ईश्वरलाल शंकरलाल जैन:**

क्या **संचार और सूचना प्रौद्योगिकी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या महाराष्ट्र के डाक व तार विभाग के कार्यालयों में कर्मचारियों की अत्यधिक कमी है जिसके चलते लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है;
(ख) क्या पिछले कई वर्षों से इन कार्यालयों में कर्मचारियों की कमी के कारण एक ही व्यक्ति दो से तीन टेबलों का काम संभाल रहा है;
(ग) क्या उच्च अधिकारियों को कर्मचारियों की कमी की स्थिति से अवगत कराने के बावजूद इस समस्या का हल नहीं निकाला जा सका है;
(घ) क्या सरकार इन कार्यालयों में कर्मचारियों की शीघ्र नियुक्ति करने के लिए कोई ठोस कदम उठाएगी; और
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री [डा.(श्रीमती) किल्ली कृपारानी]

(क) जी, नहीं। महाराष्ट्र के डाक विभाग के कार्यालयों में कर्मचारियों की अत्यधिक कमी नहीं है। महाराष्ट्र में दूरसंचार विभाग के कार्यालयों के संबंध में सूचना एकत्र की जा रही है और यथा समय सदन के पटल पर रख दी जाएगी।

(ख) से (ड.) जहां तक डाक विभाग का संबंध है, उपर्युक्त (क) को ध्यान में रखते हुए प्रश्न नहीं उठता है।